भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2489
(जिसका उत्तर सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है)

विदेशी मुद्रा अनिवासी बैंक (एफसीएनआर-बी) जमा

2489. श्री मनीश तिवारी:
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः
श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विदेशी मुद्रा के प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए नई विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) [एफसीएनआर(बी)] जमा हेतु अमेरिकी डॉलर-रुपया फॉरेक्स स्वैप सुविधा शुरू करने के भारतीय रिज़र्व बैंक के हालिया निर्णय का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो विदेशी मुद्रा भंडार, बाह्य क्षेत्र की स्थिरता, बैंकिंग क्षेत्र की तरलता और भारतीय रुपये के मूल्य पर इसके संभावित प्रभाव सहित उक्त योजना के उद्देश्य क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा विनियामक नियमों के सरलीकरण और दिए गए अन्य प्रोत्साहनों सहित विदेशी मुद्रा अनिवासी बैंक (एफसीएनआर-बी) जमा बढ़ाने के लिए इसके बाद किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(घ) ऐसे शिथिल मानदंडों के अनुसरण में एफसीएनआर(बी) जमा के माध्यम से जुटाई गई विदेशी मुद्रा जमा और पूंजी प्रवाह की कुल राशि का बैंक-वार ब्यौरा क्या है तथा इसके साथ जमा में हुई तदनुरूपी वृद्धि कितनी है;

(ङ) क्या सरकार ने एफसीएनआर(बी) जमा करते समय विदेशी कर नियामक अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए अनुपालन आवश्यकताओं की जांच की है और यदि हां, तो जांच किए गए मुद्दों का ब्यौरा क्या है तथा उनका समाधान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(च) क्या सरकार ने एफसीएनआर(बी) जमा को सुगम बनाने के लिए प्रदान की गई रियायती हेजिंग या स्वैप सहायता की लागत का अनुमान लगाया है;

(छ) यदि हां, तो इसके अनुमानित वित्तीय या राजकोषीय निहितार्थों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ज) जोखिम प्रबंधन संबंधी कार्यढांचे और भारत की बाह्य क्षेत्र की स्थिरता की रक्षा के लिए अपनाए गए सुरक्षा उपायों सहित एफसीएनआर(बी) जमा से उत्पन्न होने वाले मुद्रा एवं स्वैप दर जोखिमों को कम करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए क्या सुरक्षा उपाय किए गए हैं कि उक्त योजना सीमित अवधि के लिए ही हो, इससे अनुचित आकस्मिक देनदारियां उत्पन्न न हों और भारत की बाह्य वित्तपोषण स्थिति को मजबूत करने में प्रभावी योगदान मिले?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

****

(क) जी हां। दिनांक 05 जून, 2026 को, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि और अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए जुटाए गए नए एफसीएनआर(बी) जमा के लिए अमेरिकी डॉलर-रुपये विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा की घोषणा की, जो तैयार की गई है। यह सुविधा 8 जून, 2026 को प्रभावी हुई और 8 जून, 2026 और 30 सितंबर, 2026 के बीच जुटाई गई जमा के लिए 16 अक्टूबर, 2026 तक उपलब्ध रहेगी। प्रासंगिक आरबीआई अधिसूचना आधिकारिक आरबीआई वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

(ख) इस उपाय का उद्देश्य स्थिर विदेशी मुद्रा अंतर्वाह को आकर्षित करना, भारत के भुगतान शेष को मजबूत करना और भारतीय रुपये पर हालिया दबाव को कम करने में मदद करना है। चूंकि बैंकों द्वारा जुटाए गए नए एफसीएनआर(बी) जमा को आरबीआई के साथ स्वैप किया जाएगा, इससे लेनदेन के पहले चरण के बाद विदेशी मुद्रा भंडार के साथ-साथ बैंकिंग प्रणाली की नकदी में वृद्धि होने की संभावना है और यह परिपक्वता अर्थात लेनदेन के दूसरे चरण में प्रतिवर्ती होगा। विदेशी मुद्रा भंडार और बैंकिंग प्रणाली की नकदी में वृद्धि इस अवधि के दौरान विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा के तहत जुटाए गए विदेशी मुद्रा की कुल राशि पर निर्भर करेगी।

(ग) आरबीआई ने दिनांक 8 जून, 2026 की अधिसूचना संख्या आरबीआई/2026-27/99 के माध्यम से बैंकों को सलाह दी है कि 8 जून, 2026 से 30 सितंबर, 2026 के बीच उनके द्वारा जुटाई (परिपक्वता पर नवीनीकृत जमा सहित) गई न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि और अधिकतम

पांच वर्ष की अवधि के नए एफसीएनआर(बी) जमा को नकद प्रतिधारण अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) के रखरखाव से छूट दी गई है।

(घ) एफसीएनआर(बी) जमा दिनांक 05.06.2026 की स्थिति के अनुसार 32558.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 30.07.2026 की स्थिति के अनुसार 60548.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई हैं। दिनांक 05.06.2026 और 30.07.2026 की स्थिति के अनुसार एडी श्रेणी-1 बैंकों की एफसीएनआर(बी) जमा शेष राशि (नई स्वैप सुविधा के अंतर्गत) नीचे सारणीबद्ध की गई हैः

क्र.सं.	**अधिकृत डीलर बैंक**	**05.06.2026 की स्थिति के अनुसार बकाया एफसीएनआर(बी) (मिलियन अमेरिकी डॉलर)**	**30.07.2026 की स्थिति के अनुसार बकाया एफसीएनआर(बी) (मिलियन अमेरिकी डॉलर)**
1.	बैंक ऑफ बड़ौदा	2828.58	3873.93
2.	बैंक ऑफ इंडिया	778.97	986.43
3.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	32.61	42.89
4.	केनरा बैंक	970.99	1904.46
5.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	287.54	396.00
6.	इंडियन बैंक	509.54	1345.41
7.	भारतीय ओवरसीज बैंक	343.70	712.97
8.	पंजाब एंड सिंध बैंक	26.66	27.44
9.	पंजाब नेशनल बैंक	430.87	1400.50
10.	भारतीय स्टेट बैंक	9698.00	13822.00
11.	यूको बैंक	18.17	125.58
12.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	823.23	951.41
	(क) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	**16748.87**	**25589.01**
13.	एक्सिस बैंक लिमिटेड	3080.74	4666.82
14.	बंधन बैंक लिमिटेड	11.23	15.11
15.	सिटीबैंक एनए	0.00	0.00

क्र.सं.	अधिकृत डीलर बैंक	05.06.2026 की स्थिति के अनुसार बकाया एफसीएनआर(बी) (मिलियन अमेरिकी डॉलर)	30.07.2026 की स्थिति के अनुसार बकाया एफसीएनआर(बी) (मिलियन अमेरिकी डॉलर)
16.	सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड	77.58	74.44
17.	सीएसबी बैंक लिमिटेड	66.93	100.61
18.	डीसीबी बैंक लिमिटेड	155.28	172.85
19.	धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड	23.70	30.71
20.	फेडरल बैंक लिमिटेड	777.44	910.03
21.	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	4015.16	5423.41
22.	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	2366.02	6064.02
23.	आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड	297.71	427.62
24.	इंडसइंड बैंक लिमिटेड	1507.27	1862.78
25.	जम्मू एंड कश्मीर बैंक लिमिटेड	14.90	14.62
26.	कर्नाटक बैंक लिमिटेड	79.52	85.81
27.	करूर वैश्य बैंक लिमिटेड	129.97	141.60
28.	कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड	684.67	2344.12
29.	आरबीएल बैंक लिमिटेड	256.88	813.56
30.	साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड	419.86	470.55
31.	येस बैंक लिमिटेड	689.66	1500.05
32.	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	202.41	465.73
33.	तमिलनाडु मर्कन्टाइल बैंक लिमिटेड	89.28	92.09
	(ख) निजी क्षेत्र के बैंक	**14946.22**	**25676.52**
34.	बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत बी.एस.सी.	0.00	42.22
35.	बैंक ऑफ सेलोन	1.60	1.65
36.	बार्कलेज बैंक पीएलसी	8.73	0.00
37.	बेसीन कैथोलिक को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड	1.76	0.00

क्र.सं.	अधिकृत डीलर बैंक	05.06.2026 की स्थिति के अनुसार बकाया एफसीएनआर(बी) (मिलियन अमेरिकी डॉलर)	30.07.2026 की स्थिति के अनुसार बकाया एफसीएनआर(बी) (मिलियन अमेरिकी डॉलर)
38.	डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड	282.67	613.55
39.	ड्यूश बैंक एजी	12.89	10.57
40.	दोहा बैंक क्यू.पी.एस.सी.	32.29	27.96
41.	अमीरात एनबीडी बैंक (पी.जे.एस.सी)	1.19	0.51
42.	जेपी मॉर्गन	0.00	20.00
43.	एमयूएफजी बैंक लिमिटेड	0.29	0.00
44.	एसबीएम बैंक (इंडिया) लिमिटेड	141.34	137.21
45.	स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक	0.00	1857.80
46.	एचएसबीसी	120.26	6261.00
	(ग) विदेशी बैंक	**603.02**	**8972.46**
	(घ) लघु वित्त बैंक	232.01	**281.61**
	(ङ) सहकारी बैंक	28.40	**29.10**
	कुल योग (क + ख)	**32558.50**	**60548.72**

स्रोत: आरबीआई

(ङ) से (ज): भुगतान शेष को सुदृढ़ करने और विदेशी पूंजी को आकर्षित करने हेतु, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एफसीएनआर(बी) जमा, बाह्य वाणिज्यिक उधारियों और अतटपीय विदेशी मुद्रा उधारियों के लिए अमेरिकी डॉलर-रुपये विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा की शुरुआत की गई थी। इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा बाजार स्थितियों, ब्याज दर में अंतर, निवेशकों के लिए अपेक्षित प्रतिफल, प्रतिरक्षा लागत, अनुपालन आवश्यकताओं आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार किया गया। स्वैप सुविधा प्रदान करने की संभावित लागत जुटाई गई विदेशी मुद्रा की मात्रा, स्वैप की परिपक्वता और स्वैप दर के साथ-साथ स्वैप के समय अग्रिम प्रीमियम (फॉरवर्ड प्रीमिया) पर निर्भर करेगी। इसके अलावा, आरबीआई ने देश के विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन के लिए जोखिम की पहचान और शमन उपायों को अच्छी तरह से परिभाषित किया है।